<u>प्रेस नोट</u>

हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कम्प्यूटर स्टडीज के संरक्षण तथा इंस्टीट्यूट के निदेशक **प्रो0 नवीन गुप्ता जी** के मार्गदर्शन में संचालित सामाजिक प्रोजेक्ट **एस0ओ0एस0** (सोल्जर्स ऑफ सोसाइटी) के अन्तर्गत किये जा रहे सामाजिक कार्यों की ख्याति दूर–दूर तक पहुँच रही है।

सोनीपत (हरियाणा) स्थित **महिला विश्वविद्यालय** के सामाजिक कार्य विभाग के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के दल ने **एस0ओ0एस0 भोजनालय** का भ्रमण किया तथा इसके संचालन की बारीकियों को भी समझा। यह भ्रमण उन्होंने अपने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत किया है।

दल के विद्यार्थियों के अनुसार **एस0ओ0एस0 भोजनालय** एक प्रयोगशाला है जहाँ सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थी बहुत कुछ सीख सकते हैं।

उन्होंने **एस0ओ0एस0** तथा **प्रो0 नवीन गुप्ता** के सराहनीय कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा भी की।